DAINIK TRIBUNE, Delhi, 8.8.2018
Page No. 2, Size:(9.70)cms X (9.64)cms.

# डाकघरों, बैंकों में भी बनेंगे आधार

चंडीगढ़, 7 अगस्त (ट्रिन्यू)

हरियाणा में आधार कार्ड का पंजीकरण एवं अपडेटेशन अब डाकघरों, बैंकों, सरकारी दफ्तरों एवं ई-दिशा केंद्रों में भी हो सकेगा। मंगलवार को चंडीगढ़ में यूनिक आइडेंटिफिकेशन इम्प्लीमेंटेशन कमेटी (यूआईडीआईसी) की 10वीं बैठक में मुख्य सचिव डीएस ढेसी ने यह जानकारी दी।

ढेसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को 0-5 वर्ष की आयु के बच्चों का आधार पंजीकरण की व्यवस्था को दुरुस्त करने, हारट्रोन को आधार पंजीकरण के टेबलेट उपलब्ध कराने तथा स्कूली बच्चों के आधार पंजीकरण एवं बायोमीट्रिक चिह्न के कार्य के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए। ढेसी ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिव्यांग, बुजुर्गों के आधार पंजीकरण सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि हरियाणा 0-5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण में 99.7 प्रतिशत के साथ देश में पहले स्थान पर है। कुल आधार पंजीकरण में छठे स्थान पर है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आधार पंजीकरण नहीं होने पर लाभार्थी को दी जाने वाली सुविधाएं बंद नहीं होनी चाहिए।